**THE TRIBUNE (02.08.2016)**

FARIDABAD

## Daikin to open Centre for Excellence

To provide skill training to students and scholars, YMCA University of Science and Technology, Faridabad, has said it will sign an MoU with Daikin Airconditioning India Pvt. Ltd for running a Centre for Excellence on the university premises. TNS

The Tribune (Haryana Edition) Tue, 02 August 2016
epaper.tribuneindia.com/c/121

**HINDUSTAN (02.08.2016)**

छात्र आधुनिकतम प्रौद्योगिकियों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे, डेकन कंपनी और वाईएमसीए के बीच होगा करार

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय में कौशल केंद्र बनेगा

**समझौता**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए कौशल केंद्र स्थापित किया जाएगा। वहां छात्र पाठ्यक्रम के अलावा आधुनिकतम प्रौद्योगिकियों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। इसके प्रथम चरण में बुधवार को एयरकंडिशनिंग प्रौद्योगिकी के लिए डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

विश्वविद्यालय की आरएसी प्रयोगशाला में विकसित किए गए इस कौशल केंद्र का औपचारिक उद्घाटन कुलपति दिनेश कुमार और कंपनी के प्रबंध निदेशक संयुक्त रूप से करेंगे। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी फरीदाबाद के इस विश्वविद्यालय में यह अपनी तरह का यह कौशल केंद्र शुरू हो जाएगा। इस केंद्र में छात्र और फैकल्टी को आधुनिकतम तकनीक से अपग्रेड किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय का यह कौशल केंद्र औद्योगिक इकाइयों में उपयोग होने वाली तकनीकी और विश्वविद्यालय के बीच सेतु का काम करेगा, जिससे छात्रों को रोजगार की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। बाजार की तकनीक को पूरा करने के लिए यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कौशल केंद्र के एयरकंडिशन प्रकोष्ठ एचवीएसी प्रणाली पर आधारित होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि बुधवार को डेकिन कंपनी के विशेषज्ञ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और छात्रों को एचवीएसी प्रणाली में एयरकंडिशन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देंगे।

इसके साथ ही इस केंद्र की शुरुआत होगी। कंपनी ने आधुनिकतम तकनीकी से युक्त एक एयरकंडिशन प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध करवाया है।



फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय। • हिन्दुस्तान

**जलवायु एवं ऊर्जा क्षेत्र तकनीक का ज्ञान मिलेगा :** विश्वविद्यालय में औद्योगिक सहभागिता से डेनमार्क की कंपनी डेनफोस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई के सहयोग से करीब बीस लाख रुपये की लागत से शुरू किया गया प्रकोष्ठ भी होगा। कुलसचिव ने बताया कि उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता लाने और छात्रों को बाजार में उपयोग की जा रही तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाना बेहद जरूरी है।

तकनीक हर दिन अपग्रेड होती है। ऐसे में छात्र और फैकल्टी दोनों के लिए अपग्रेड होना जरूरी है। इसी के मद्देनजर विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं रोजगार विभाग ने यह बीड़ा उठाया है।

### पहले इंटर्नशिप पर ही मिलती थी जानकारी

विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ के डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि छात्रों को पहले इंटर्नशिप पर ही आधुनिक तकनीक की जानकारी मिलती थी। अब समय-समय पर पाठ्यक्रम के साथ ही छात्रों को आधुनिकतम तकनीकी से रूबरू करा दिया जाएगा। समय-समय पर बाजार में क्या चल रहा है। इसकी जानकारी छात्रों को होनी चाहिए। इसके परिणामतः ही छात्रों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ जाएंगे।

> इस कौशल केंद्र से छात्र और फैकल्टी दोनों का लाभ होगा। तकनीक हर दिन अपग्रेड होती है। ऐसे में बड़ी इकाईयों महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बाजार में नया क्या है? अब छात्रों को समय पर मिलेगा। छात्रों के हित में इस केंद्र का विस्तार भी जारी रहेगा।
>
> -प्रोफेसर दिनेश कुमार, कुलपति, वाईएमसीए विश्वविद्यालय

### वाईएमसीए विवि पर नजर

- 1969 में वाईएमसीए इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना
- वर्ष 2009 में मिला विश्वविद्यालय का दर्जा
- बीस एकड़ में फैला है विवि का परिसर
- विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर मेट्रो और रेल मार्ग से भी जुड़ा है

### पीजी में मांगे आवेदन

विश्वविद्यालय में बची सीटों पर मास कॉम और पत्रकारिता, एमबीए, एमसीए आदि में फिर से आवेदन मांगे हैं। पांच अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके बाद योग्यता के आधार पर दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी।

**DAINIK BHASKAR (02.08.2016)**

## वाईएमसीए में मिलेगा एयरकंडीशनिंग प्रौद्योगिकी का व्यावहारिक प्रशिक्षण

फरीदाबाद | विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं नवीनतम टेक्नालाजी की व्यावहारिक जानकारी तथा औद्योगिक कार्य का अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि डेकिन एयरकंडीशनिंग कंपनी के साथ एचवीएसी प्रणाली पर आधारित एक उत्कृष्टता केन्द्र संचालित करने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। विवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. विक्रम सिंह के अनुसार 3 अगस्त को डेकिन एयरकंडीशनिंग के प्रबंध निदेशक व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार समझौते पर हस्ताक्षर कर विवि की आरएसी लैब में विकसित उत्कृष्टता केन्द्र का उद्घाटन करेंगे।

**PUNJAB KESARI (02.08.2016)**

# वाईएमसीए में स्थापित होगा डेकिन का उत्कृष्टता केंद्र

फरीदाबाद, 1 अगस्त (सूरजमल): विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं नवीनतम प्रौद्योगिकियों की व्यवहारिक जानकारी और औद्योगिक कार्य का अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद देश की अग्रिम एयरकंडिशनर कंपनियों में से एक डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ विश्वविद्यालय परिसर में एचवीएसी प्रणाली पर आधारित एक उत्कृष्टता केन्द्र संचालित करने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. विक्रम सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 3 अगस्त को डेकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जो वाईएमसीए के भूतपूर्व छात्र रहे है, तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे तथा विश्वविद्यालय की आरएसी लैब में विकसित उत्कृष्टता केन्द्र का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि डेकिन कंपनी के विशेषज्ञ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों को एचवीएसी प्रणाली में एयरकंडिशन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्रदान करेंगे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 02 Augus
epaper.punjabl